प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंद जी महाराज शताब्दी समारोह का किया शुभारंभ, बेहतर भविष्य के लिए नौ संकल्पों का दिया मंत्र।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी जाना गुरुजी का हाल।
3. संविधान से सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द हटाने पर विचार करने से जुड़े आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर झामुमो ने बोला हमला, भाजपा ने संवैधानिक पदों के खाली रहने पर राज्य सरकार को घेरा।
4. लातेहार का विश्व प्रसिद्धि बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से 3 माह के लिए होगा बंद, वन्य जीवों के प्रजनन काल को देखते हुए पीटीआर प्रबंधन ने लिया निर्णय।
5. रांची, बोकारो और हजारीबाग में कुछ घंटों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी, कल छह जिलों के लिए औरेंज अलर्ट, मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानन्दर जी महाराज की 100वीं जंयती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा कि महान जैन संत ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मौके पर श्री मोदी ने नौ संकल्पों का जिक्र करते हुए कहा कि इनके जरिये बेहतर भविष्य की परिकल्पना साकार हो सकती है।

आचार्य विद्यानंद जैन एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक थे। उनकी 100वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह एक वर्ष तक चलेगा।

********************

कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने  गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि शिबू सोरेन रूटीन चेकअप के लिए दिल्ली गये थे, लेकिन अस्पताल में ही उनकी तबीयत बिगड़ गयी। इधर, भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन से फोन पर बातचीत कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। बाद में श्री दास ने बताया कि गुरु जी को हल्का पैरालिसिस अटैक आया है लेकिन उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

********************

संविधान से सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द हटाने पर विचार करने से जुड़े आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के बयान पर झामुमो ने बोला हमला है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी नेता कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि आरएसएस के इस विचार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए।

********************

इधर, भाजपा ने राज्य में संवैधानिक पदों के खाली रहने पर सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने रांची में मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार एक सोची–समझी रणनीति के तहत महिला आयोग और सूचना आयोग के रिक्त पदों के साथ लोकायुक्तों की नियुक्ति नहीं कर रही है।

********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर आज सुबह एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सवारियों से भरे एक ऑटो को  जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य  लोग

घायल हो गये। बगोदर सरिया के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद जीटी रोड को कुछ देर के लिए जाम कर दिया था। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।

********************

लातेहार जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क 1 जुलाई से तीन महीने के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। मॉनसून में वन्य जीवों के प्रजनन काल को देखते हुए पलामू टाइगर रिजर्व पीटीआर प्रबंधन ने 30 सितंबर तक पार्क में पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पार्क में वन्य जीवों को शांति और सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह पाबंदी लगाई गई है। इस दौरान पार्क के रखरखाव में लगे वनकर्मियों को ही पार्क में प्रवेश की अनुमति होगी।

********************

गुमला जिले में धरती आबा जनजातीय जागरुकता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। इसके जरिये ग्रामीण एवं जनजातीय समुदाय तक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने की पहल की जा रही है।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख बारह हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, बोकारो और हजारीबाग में अगले कुछ घंटों में बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। रांची और आसपास के इलाके में आज सुबह से ही आसमान में काले बादल छाये हुए हैं। कई जगहों पर छिटपुट बारिश भी हो रही है। इस बीच मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़ और गुमला में भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

********************